भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेल मंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 24.09.2025

आरेडिका में राजभाषा पर साहित्यिक व्याख्यान का आयोजन

आरेडिका में राजभाषा विभाग के तत्वावधान तथा मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द के नेतृत्व में रेलवे कर्मचारियों को हिंदी में अधिकाधिक काम करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से राजभाषा पखवाड़ा के तहत दिनांक–17.09.2025 से 27.09.2025 तक विभिन्न राजभाषा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

दिनांक–23.09.2025 को राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र स्थित ऑडिटोरियम में साहित्यिक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें अतिथि वक्ता डॉ. सुरेश कुमार सैनी (सेवानिवृत प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल) ने **"मलिक मोहम्मद जायसी – प्रेम के पीर के कवि"** विषय पर साहित्यिक व्याख्यान देते हुए सूफी रस में डूबे महाकाव्य पदमावत के 57 खण्डों का बहुत ही सरल अंदाज में वर्णन किया और बताया कि यह महाकाव्य हमें जीवन में प्रेम, त्याग और करुणा की शिक्षा देता है। जायसी का काव्य, शब्दों में प्रेम की गंध और ह्रदय में संवेदना का संदेश देता है।

दिनांक–24.09.2025 को डा0 चंपा श्रीवास्तव (पूर्व विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्या फीरोज गांधी कॉलेज रायबरेली) ने **"हिंदी भाषा के प्रयोग और संभावनाएं"** विषय साहित्यिक व्याख्यान दिया एवं उन्होने कहा कि हिंदी का ढाई अक्षर विश्व प्रेम का मूलमंत्र है। हिंदी विकास की जननी है। विदेशों में भी हिंदी का विस्तार विभिन्न मंचों के माध्यम से सतत रूप से हो रहा है। हमें अपने घरों पर लगे नामपट्ट लेखन में हिंदी भाषा का प्रयोग करना चाहिए, बच्चों से घर में हमेशा हिंदी में बात करें और उन्हे हिंदी के ज्ञान के लिए प्रेरित करें।

इन व्याख्यानों में आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द, राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन तथा जनसम्पर्क अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव एवं कर्मचारीगण तथा नगर राजभाषा कार्यान्चयन समिति के सदस्य कार्यालय के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

24/9/2025

(आर एन तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी